केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै में आयोजित 'हिंदी पखवाड़ा-2023' की रिपोर्ट:

राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता एवं इसके प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस (14 सितम्बर) के अवसर पर केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै में दिनांक 14.09.2023 से 29.09.2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। दिनांक 14.09.2023 को निर्धारित समय पर कार्यालय के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन कर हिंदी पखवाड़ा 2023 का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को राजभाषा-प्रतिज्ञा दिलायी गयी। श्रीमती के गीता, अनुभाग अधिकारी(प्रशासन) ने सभी का स्वागत करते हुए आगामी हिंदी गतिविधियों की घोषणा के लिए क्षेत्रीय अधिकारी महोदय से आग्रह किया। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने अपने अभिवादन वक्तव्य में कार्यलय में कर्मचारियो से अपील करते हुए कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही कार्यालयी कार्य में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने मुख्यालय द्वारा जारी राजभाषा संबधित विविध दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए हर एक कर्मचारी को हिंदी में कार्य करना है। पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए क्षेत्रीय अधिकारी महोदय ने कर्मचारियों से प्रतियोगितओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की ।

हिंदी पखवाड़े के दौरान सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुसार हिंदी सम्बंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया । तत्संबंधी ब्यौरा निम्नवत प्रस्तुत किया जाता है।

पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं एवं विजेता प्रतिभागियों का ब्यौरा:

क्र. स.	प्रतियोगिता	प्रथम स्थान	द्वितीय स्थान	तृतीय स्थान	सांत्वना (1)	सांत्वना (2)
01	हिंदी टिप्पण व प्रारुप लेखन (18.09.2023)	श्री अभिषेक मीना कनिष्ठ सहायक	श्री विक्रांत मेहेर वरिष्ठ सहायक	श्रीमती एस यास्मिन, अधीक्षक	—	—
02	हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (20.09.2023)	(संयुक्त रूप से) 1.श्रीमती शर्मीला, कनिष्ठ सहायक 2.श्री अभिषेक कुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक	(संयुक्त रूप से) 1.श्री वी नागराजन, अधीक्षक 2. श्री विशाल कुमार, कनिष्ठ सहायक	(संयुक्त रूप से) 1.श्री विक्रांत मेहर, वरिष्ठ सहायक 2. श्री दीपक एल लाडे, कनिष्ठ सहायक	(संयुक्त रूप से) 1. श्री अभिषेक मीना, कनिष्ठ सहायक 2.श्री पंकज कुमार, कनिष्ठ सहायक	(संयुक्त रूप से) 1.श्री रत्नेश कुमार अहिरवार, वरिष्ठ सहायक 2.श्री शुभम कुमार बुनकर, कनिष्ठ सहायक
03	हिंदी टंकण (कंप्यूटर) (22.09.2023)	सुश्री पूजा यादव वरिष्ठ सहायक	श्री विशाल कुमार, कनिष्ठ सहायक	श्री पंकज कुमार, कनिष्ठ सहायक	—	—

04	हिंदी निबंध लेखन (25.09.2023)	श्री रत्नेश कुमार अहिरवार, वरिष्ठ सहायक	श्री अभिषेक कुमार शर्मा, कनिष्ठ सहायक	श्री दीपक एम लाडे, कनिष्ठ सहायक	श्रीमती जी संगीता, अधीक्षक	—
05	हिंदी नारा लेखन प्रतियोगिता (26.09.2023)	श्रीमती के गीता, अनुभाग अधिकारी	श्री अभिषेक कुमार, कनिष्ठ सहायक	श्रीमती के जयलक्ष्मी, अनुभाग अधिकारी	श्रीमती कमला देवी, कनिष्ठ सहायक	—
06	हिंदी कविता पाठ (26.09.2023)	श्री शुभम कुमार बुनकर, कनिष्ठ सहायक	श्री कृष्ण कुमार, अधीक्षक	श्री वी नागराजन, अधीक्षक	—	—

***

कार्यालय, चेन्नई
हिन्दी पखवाड़ा समारोह

क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई
हिन्दी पखवाड़ा समारोह